कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B++) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:जून-2025



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in  **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com  **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:जून-2025

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



प्रो.उदय प्रताप सिंह
अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



श्री प्रमोद कुमार चौधरी
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग 
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग 
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग 
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक 



June-2025

# कार्यक्रम-विवरण

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 04.06.2025 बुधवार | महाविद्यालय | कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन | 1–2 |
| 2 | 05.06.2025 वृहस्पतिवार | बी.एड. विभाग | विश्व पर्यावरण दिवस | 2–3 |
| 3 | 15.06.2025 रविवार | महाविद्यालय | दिग्विजयनाथ पी.जी.कॉलेज और महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेट्स ने मनाया हरित योग का कार्यक्रम | 3–4 |
| 4 | 21.06.2025 शनिवार | महाविद्यालय | अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस | 4 |



# कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन






**दिनांक 04.06.2025 को महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्लेसमेंट सेल एवं एन.आई.आई.टी. गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'एक्सीस एवं एच.डी.एफ.सी. यंग बैंकर प्रोग्राम' के अंतर्गत एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंकिंग सेक्टर में करियर की तलाश कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर बनकर उभरा।** कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11:00 बजे कॉलेज परिसर के प्लेसमेंट कक्ष में हुई, जिसमें कॉलेज के विभिन्न संकायों के लगभग 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

**काउंसलिंग सत्र में विशेषज्ञों की मार्गदर्शन–**

इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य काउंसलर के रूप में उपस्थित रहे आशुतोष शुक्ल, वरिष्ठ काउंसलर, एन.आई.आई.टी. गोरखपुर। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र की व्यापकता, उसमें उपलब्ध विभिन्न प्रकार की नौकरियों, उनके स्वरूप तथा चयन प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी दी।

**कार्यक्रम के दूसरे सत्र में श्री अविनाश श्रीवास्तव, एसिडिक हेड, बालाजी एकेडमी ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए विभिन्न बैंकिंग पाठ्यक्रमों एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम्स की जानकारी साझा की।**

**प्रेरणा, मार्गदर्शन और चयन की प्रक्रिया**

दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और उनके करियर संबंधित भ्रमों को दूर किया। इस अवसर पर आयोजित काउंसलिंग एवं स्क्रीनिंग सेशन में उपस्थित 120 विद्यार्थियों में से 40 विद्यार्थियों का चयन प्लेसमेंट के अगले चरण हेतु किया गया, जिसमें समूह चर्चा, पर्सनल इंटरव्यू एवं फाइनल ट्रेनिंग प्रोग्राम की सहभागिता शामिल होगी। चयनित विद्यार्थियों में बी.कॉम, बी.ए., एम.ए. एवं अन्य संकायों के छात्र–छात्राएं सम्मिलित हैं।

## बी.एड. विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2025

**दिनांक 05.06.2025 को 44 यूपी वाहिनी एन.सी.सी., गोरखपुर के तत्वावधान में महाविद्यालय की एन.सी.सी. प्लाटून/यूनिट के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस–2025 के अवसर पर पौधरोपण स्वच्छता कार्यक्रम तथा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**







**कार्यक्रम के प्रथम चरण में पुनीत सागर** अभियान के तहत "गो ग्रीन, ब्रीथ क्लीन" ('GO GREEN, BREATH CLAEN') अर्थात् हरित बनें, स्वच्छ सांस लें, थीम के अंतर्गत सभी कैडेट्स ने जलीय क्षेत्र जैसे तालाब, नदी, नहर आदि के आस–पास पौधरोपण किया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,

जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर तथा उसके आस–पास के क्षेत्रों की साफ़–सफ़ाई की गई।

**कार्यक्रम के तृतीय चरण के अन्तर्गत** 'विश्व पर्यावरण दिवस–2025' के थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें' ('Beat Plastic Pollution') विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी के अन्तर्गत सभी एन.सी.सी. कैडेट्स को 'प्लास्टिक प्रदूषण को मात देंने' के लिए निम्नलिखित शपथ दिलाई गई। "मैं शपथ लेता हूँ कि भविष्य में मैं कभी भी खरीदे गए सामान के लिए दुकानदार या किसी अन्य से प्लास्टिक के थैली की मांग नहीं करूँगा/करूँगी ।

**संगोष्ठी में एनसीसी सी.टी.ओ. डॉ. सुभाष चन्द्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक** वर्ष 5 जून को हम सभी विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाते हैं। वर्ष 2025 में विश्व पर्यावरण दिवस को Beat Plastic Pollution (प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें) थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष 'द रिपब्लिक ऑफ कोरिया' को विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने तथा उसके वैश्विक अवलोकन की मेजबानी दी गई है।

## दिग्विजयनाथ पी.जी.कॉलेज और महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेट्स ने मनाया हरित योग का कार्यक्रम





गोरखपुर 15 जून 2025 को 44 यूपी वाहिनी एन.सी.सी. के तत्वावधान में महाविद्यालय तथा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज गोरखपुर की एन.सी.सी. प्लाटून/यूनिट ने सयुंक्त रूप से आज दिनांक 15.06.2025 को हरित योग कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया, जिसमें प्रकृति, स्वास्थ्य और समाज के प्रति समर्पण की नई मिसाल कायम हुई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में एन.सी.सी.कैडेट्स के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर तथा उसके आस–पास के क्षेत्रों की साफ़–सफ़ाई की। कार्यक्रम का नेतृत्व सीटीओ डॉ. सुभाष चन्द्र ने किया, जिनकी प्रेरणादायक नेतृत्व क्षमता ने सभी

को उत्साहित किया। कार्यक्रम का आयोजन महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, गोरखपुर के कैप्टन दीपक शाही, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर सी.टी.ओ. डॉ सुभाष चन्द्र तथा प्रशिक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार यादव के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें दोनों संस्थाओं के एन. सी.सी. कैडेट्स सम्मिलित हुए । इस संयुक्त उपक्रम में कुल 19 एसडी और 4 एसडब्ल्यू एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन के साथ भाग लिया।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस







**दिनांक 21.06.2025 को महाविद्यालय के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।** इस अवसर पर योग शिविर का शुभारम्भ करते हुए **महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 ओम प्रकाश सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रासंगिकता, उसके महत्व एवं योग के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि** योग एक सामूहिक विधा है, जो मन को अनुशासित व संतुलित करने के साथ ही हमें शारीरिक व मानसिक रूप से संगठित करता है। भारत ने योग के द्वारा पूरी दुनिया को अपनी विरासत को पहचानने हेतु विवश किया। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में योग विद्यार्थियों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करता है। हम अपने कौशल को योग के माध्यम से बढ़ा सकते हैं। **कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी श्री अवधेश शुक्ल द्वारा विभिन्न योगसनों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं अलग–अलग योग की विधा के महत्व से परिचित कराया गया।**

June